# <u>तिरंगा यात्रा कार्यक्रम प्रतिवेदन</u>

**आयोजक:** रोवर्स-रेंजर्स इकाई, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
**कार्यक्रम:** तिरंगा यात्रा
**दिनांक: 17 अगस्त 2026**
**स्थान:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की रोवर्स-रेंजर्स इकाई द्वारा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति गौरव की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 17 अगस्त 2026 को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण एवं प्रेरणास्रोत के रूप में आयोजित किया गया।

तिरंगा यात्रा में विश्वविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता से संबंधित संदेशों के साथ यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं एकता की भावना को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

तिरंगा यात्रा का समन्वय डॉ. मानवेन्द्र सिंह, प्रभारी, रोवर्स एवं डॉ. युसैराह अहमद, प्रभारी, रेंजर्स द्वारा किया गया। दोनों प्रभारियों ने रोवर्स एवं रेंजर्स की सहभागिता, अनुशासन एवं यात्रा की व्यवस्थाओं का समन्वय सुनिश्चित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, एकता, अनुशासन एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा मिला। रोवर्स-रेंजर्स इकाई द्वारा आयोजित यह तिरंगा यात्रा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं उपस्थित अधिकारियों के लिए प्रेरणादायी रही तथा राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति का सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

कार्यक्रम में डॉ. नलिनी मिश्रा, समन्वयक, NSS, डॉ. उधम सिंह, नोडल अधिकारी, रोवर्स-रेंजर्स, डॉ. अभय कृष्ण, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी, NSS, डॉ. तस्लीम जमाल, वेब एडमिनिस्ट्रेटर, डॉ. मोहम्मद इमरान, डिप्टी वेब एडमिनिस्ट्रेटर तथा डॉ. अनामिका सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।
कार्यक्रम का सफल आयोजन सभी संबंधित अधिकारियों, रोवर्स-रेंजर्स एवं सहयोगी सदस्यों के सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता से संभव हुआ।






अबुल कलाम आज़ाद शैक्षणिक भवन
ABUL KALAM AZAD ACADEMIC BLOCK


अबुल कलाम आज़ाद शैक्षणिक भवन
ABUL KALAM AZAD ACADEMIC BLOCK




**समापनः**

तिरंगा यात्रा का सफलतापूर्वक समापन राष्ट्रगान एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना के साथ किया गया।

**प्रस्तुतकर्ताः**

**डॉ. मानवेन्द्र सिंह**

प्रभारी, रोवर्स

**डॉ. युसैराह अहमद**

प्रभारी, रेंजर्स

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ**